ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 09.08.2021

''वीर शहीदों को नमन''

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगॉठ के उपलक्ष्य में आज दिनांक 09.08.2021 को जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय इन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक एस0 आनन्द, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा एवं नगर निगम के अन्य अधिकारियों द्वारा वीर शहीदों की प्रतिमाओं पर किया गया माल्यार्पण।

- कोविड–19 महामारी के संक्रमण के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 09.08.2021 को नगर में स्थित सरकारी अस्पताल एवं नगरीय स्वास्थ्य केन्द्रों पर साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) का कार्य कराया गया।

- कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 09.08.2021 को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

1. काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगॉठ के उपलक्ष्य में आज दिनांक 09.08.2021 को जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय इन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक एस0 आनन्द, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा एवं नगर निगम के अन्य अधिकारियों द्वारा वीर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय इन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक एस0 आनन्द, नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा, अपर जिलाधिकारी रामसेवक द्विवेदी, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती एवं राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष मा0 मंत्री सुरेन्द्रनाथ वाल्मीकि द्वारा नगर क्षेत्र में बने खिरनीबाग स्थित रामप्रसाद बिस्मिल पार्क, नगर निगम प्रांगण, टाउनहाल स्थित शहीद पार्क में स्थापित वीर शहीदों– पं0 रामप्रसााद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खॉ, ठाकुर रोशन सिंह जी एवं अन्य वीर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं कचहरी चौराहें पर बने शहीद स्तम्भ पर माल्यार्पण कर वीर शहीदों को नमन किया गया। इस मौके पर नगर आयुक्त महोदय द्वारा बताया गया कि आजादी की लड़ाई के दौरान अंग्रजों को मात देने के लिये शाहजहॉपुर से वीर शहीद व स्वतंत्रता सेनानियों ने 09 अगस्त 1925 को काकोरी ट्रेन ऐक्शन में मुख्य भूमिका निभाई थी। जिसके बाद से प्रतिवर्ष 09 अगस्त को काकोरी ट्रेन ऐक्शन के रुप में मनाया जाता है। इसके अतिरिक्त नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 वीरेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा अम्बेडकर पार्क में बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर, रमेश चन्द्र पार्क में शहीद रमेश चन्द्र, सुभाष चौराहा पर स्थापित सुभाषचन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों द्वारा नगर क्षेत्र के गॉधी पार्क में स्थापित महात्मा गॉधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया।

2. अपर मुख्य सचिव महोदय के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढते सक्रमण के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा नगर में स्थित सरकारी अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक शनिवार, रविवार एवं सोमवार को साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) कराये जाने के विशेष निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देशों के क्रम में नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को नगर में विशेष अभियान के दौरान नगर में प्रत्येक शनिवार, रविवार एवं सोमवार को नगर में अवस्थित जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नगरीय स्वास्थ्य इत्यादि के परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) की कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के लिये निर्देशित किया गया। निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 09.08.2021 को नगर क्षेत्र के जिला चिकित्सालय, सरकारी मेडिकल कॉलेज, रेलवे स्वास्थ्य केन्द्र रोजा, पूराना जिला अस्पताल, ओ.सी.एफ. अस्पताल (कैन्ट) एवं नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र– सराय काईयां, पुलिस लाइन, लोधीपुर, कटिया टोला, ककरा खुर्द, ककरा कलां, जली कोठी, हुसैनपुरा, अजीजगजं, एमनजई जलालनगर, तारीन जलालनगर में विशेष अभियान के तहत साफ–सफाई एवं सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया।

3. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के संक्रमण को नगर में जड़ से मिटाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया किया है। जिसके क्रम में आज दिनांक 09.08.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, ऑफीसर्स कालोनी, निरीक्षण भवन, दुर्घटना न्यायालय, एमनजई जलालनगर, आवास विसक कॉलोनी स्थित रमेश चन्द्र पार्क, अम्बेडकर पार्क, रामप्रसाद बिस्मिल पार्क, टाउनहाल स्थित शहीद पार्क, नगर निगम प्रांगण में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा खिरनीबाग में सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया। जोन–3 के अन्र्तगत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा जनता इण्टर कॉलेज, सिंजई, मदराखेल, वर्कजई, आनन्दपुर कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा अजीजगंज रैन बसेरा, मोक्षधाम, गॉधी पार्क, साउथ सिटी एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अन्र्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा ख्वाजा फिरोज, मंगलसेन इण्टर कॉलेज, नवोदय विधालय, फत्तेपुर रेती में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान आज दिनांक 09.08.2021 को लगभग 3010 स्थलों तथा 650 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हॉस्पिटल, स्कूल, कॉलेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनुमतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।